हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 26 सितंबर 2025

13 कॉलेज में एंटरप्रेन्योरशिप वर्कशॉप का शुभारंभ



14 श्रीराम ने किया राक्षसी ताड़का का वध



## खबर संक्षेप

### अंडर-19 में अतुल और अंडर-17 में जयवर्धन टॉपर

**बहादुरगढ़।** हरियाणा राज्य स्कूल तैराकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी अतुल धनखड़ ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा। अतुल ने अंडर-19 आयु वर्ग में 50 मीटर ब्रैस्टस्ट्रॉक के साथ 100 मीटर ब्रैस्टस्ट्रॉक में भी पहला स्थान हासिल किया। वहीं अंडर-17 आयु वर्ग में जयवर्धन राव ने भी 50 मीटर के बाद 100 मीटर ब्रैस्टस्ट्रॉक में प्रथम स्थान हासिल किया। हरियाणा ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री और तैराकी कोच साई जाधव ने दोनों तैराकों को बधाई दी और नेशनल के लिए शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को होगा।

### नूना माजरा में शव मिलने से सनसनी

**बहादुरगढ़।** वीरवार सुबह गांव नूना माजरा में महिंद्रा शोरूम के सामने फिरनी पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है। सूचना मिलते ही थाना सदर बहादुरगढ़ की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की आंखों पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उसकी मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है।

### जलभराव से प्रभावितों की मदद करे सरकार

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडौठी के अनुसार प्रदेश के अनेक गांवों में आज भी खेतों में 2 से 3 फुट तक पानी भरा है। अगली फ़सल की भी कोई संभावना नहीं है। ऐसे में संगठन ने पानी की निकासी का कार्य युद्ध स्तर पर करवाने की मांग की है, ताकि अगली फसल की बुवाई हो सके। साथ ही जलभराव से बर्बाद हुई फसल का कम से कम 50 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए। प्रभावित कृषि श्रमिकों व खेत मजदूरों को भी एकमुश्त 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए, ताकि वे अपने परिवार का पालनपोषण कर सकें। इसके साथ ही मनरेगा स्कीम का विस्तार करके साल के आठ महीने काम तथा 800 रुपए प्रतिदिन दिहाड़ी की व्यवस्था की जाए। सरकार खाद की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करे।

### नई ट्रेन के लिए झज्जर या रोहतक जाना होगा

**बहादुरगढ़।** रेलवे द्वारा उदयपुर सिटी से चंडीगढ़ तक के लिए सप्ताह में दो बार चलने वाली गाड़ी नंबर 20989-20990 बुधवार व शनिवार को उदयपुर से चंडीगढ़ जाएगी और वीरवार व रविवार को चंडीगढ़ से उदयपुर जाएगी। दैनिक रेलयात्री समिति के प्रवक्ता सतपाल हाड़ा के अनुसार इन दिनों गाड़ियों का संचालन समय अलग-2 होगा। शनिवार 27 सितंबर से इस गाड़ी के संचालन के बाद झज्जर व रोहतक के रेल यात्रियों को उदयपुर व चंडीगढ़ के लिए रेलसेवा उपलब्ध होगी। परन्तु शकूरबस्ती, नांगलोई, बहादुरगढ़ व सांपला के निवासियों को यह रेलगाड़ी पकड़ने के लिए रोहतक या झज्जर जाना पड़ेगा। इससे उनकी जेब पर असर पड़ेगा।

### परिवेदना समिति की बैठक आज

**झज्जर।** सीटीएम नमिता कुमारी ने बताया कि जिले में नागरिकों की शिकायतों के शीघ्र एवं स्थायी निपटान के उद्देश्य से गठित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित संवाद भवन में आयोजित की जाएगी। जिसकी अध्यक्षता कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, ताकि सुनवाई हो सके।



**आग की भयावहता को देखते हुए दिल्ली, सोनीपत और रोहतक से भी दमकल गाड़ियां बुलाई गईं**

# एमआईई की जूता फैक्ट्री में आग लगी, धुआं उठता देख काम कर रहे श्रमिक भाग कर बाहर निकले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के आधुनिक औद्योगिक संपदा (एमआईई) के पार्ट-ए में स्थित एक जूता फैक्ट्री में वीरवार सुबह भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही बहादुरगढ़ समेत कई शहरों की दमकल टीम आग बुझाने के लिए पहुंची। हालांकि इस दौरान फैक्ट्री में रखा लाखों रुपए का कच्चा व तैयार माल राख हो गया। दरअसल, एमआईई के प्लॉट नंबर 767 में चल रही ट्रिक फुटवियर इंडस्ट्रीज में वीरवार सुबह अचानक आग लग गई। फैक्ट्री के भूतल व बेसमेंट में लगी आग से उठते धुएं से आसमान काला हो गया।



फैक्ट्री से उठता धुआं

### दमकल विभाग जांच में जुटा

गनीमत यह रही कि आग लगने के समय सुबह की शिफ्ट के वर्करों का आगमन शुरू ही हुआ था। वे सभी बाहर ही रुक गए। फैक्ट्री के भीतर मौजूद वर्कर भी धुआं देखने के बाद ही दौड़कर बाहर निकले। आग लगने की सूचना मिलते ही बहादुरगढ़ फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और दमकल टीम आग बुझाने में जुट गई। आग की भयावहता को देखते हुए दिल्ली, सोनीपत और रोहतक से भी दमकल गाड़ियां बुलाई गई। दमकल अधिकारी रविंद्र गौतम ने बताया कि आग लगने के कारण अभी स्पष्ट नही है । आग बुझाने के बाद ही जांच कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

**सीएम फ्लाइंग ने पब्लिक हेल्थ में किया औचक निरीक्षण**

# छापे के दौरान मिली कई अनियमितताएं सफाई ठेके को लेकर जुटाई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

*निरीक्षण में खुलासा- विभाग की सीएम विंडो पर कुल 23 शिकायतें दर्ज हैं। इनमें से केवल 9 शिकायतों का समाधान किया गया है, जबकि 14 शिकायतें अब तक लंबित पड़ी हैं।*

**सीएम फ्लाइंट टीम ने पब्लिक हेल्थ के दफ्तर में पहुंचते ही सुबह 10 बजे अटेंडेंस रजिस्टर की जांच की, कई कर्मचारी गैर हाजिर मिले**

मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की रोहतक टीम ने वीरवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग बहादुरगढ़ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई विभागीय अनियमितताएं खुलकर सामने आईं। निरीक्षण में खुलासा हुआ कि विभाग की सीएम विंडो पर कुल 23 शिकायतें दर्ज हैं। इनमें से केवल 9 शिकायतों का समाधान किया गया है, जबकि 14 शिकायतें अब तक लंबित पड़ी हैं। सीएम फ्लाइंट टीम ने पब्लिक हेल्थ के दफ्तर में पहुंचते ही सुबह 10 बजे अटेंडेंस रजिस्टर की जांच की। सबसे पहले एक्सईएन अमन मोर मौके पर मौजूद नहीं मिले। वे लगभग सवा 10 बजे कार्यालय पहुंचे। इसके अलावा मंजीत ड्राइवर, सुधीर क्लर्क, अजय क्लर्क, जितेंद्र और राकेश कुमार गैरहाजिर मिले। बता दें कि शहर की सीवरों और नालों की सफाई के लिए विभाग ने 6 जून 2025 से 4 सितंबर 2025 तक गुरुग्राम निवासी राजेश कुमार को 1 करोड़ 42 लाख 14 हजार 198 रुपए का ठेका दिया था। इसके अंतर्गत बकेट मशीन से 14 हजार 490 मीटर सफाई की जानी थी। सुपर शकर मशीन से 3800 मीटर सफाई होनी थी। लेकिन हकीकत में अब तक बकेट मशीन से मात्र 1.5 किलोमीटर और सुपर शकर मशीन से केवल 1350 किलोमीटर सफाई ही की गई।



बहादुरगढ़। पब्लिक हैल्थ दफ्तर में जानकारी जुटाती सीएम फ्लाइंग की टीम।

### एसडीओ ने 46 लाख 31 हजार 606 का बिल बनाया

इस मामले में एसडीओ ने 46 लाख 31 हजार 606 रुपए का बिल बनाया है। इसमें से ठेकेदार को 38 लाख 13 हजार 441 रुपए के भुगतान का प्रस्ताव रखा गया है, जबकि 4 लाख 13 हजार 160 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### बिल पास नहीं किया

*हालांकि विभाग ने अभी बिल पास नहीं किया है। जबकि ठेकेदार ने सफाई दी है कि अधिक बरसात और मुंगेशपुर ड्रेन टूटने के कारण सफाई कार्य प्रभावित हुआ। इसी आधार पर उसने ऑनलाइन आवेदन कर 31 दिसंबर 2025 तक ठेका अवधि बढ़ाने की मांग की है।*

**मार्केट कमेटी में नियुक्तिः दोनों ने सीएम व अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया**

# विनोद चेयरमैन और प्रदीप बने वाइस चेयरमैन

**भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने विनोद कौशिक और प्रदीप गुप्ता को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी**



बहादुरगढ़। विनोद कौशिक व प्रदीप गुप्ता

**बहादुरगढ़।** प्रदेश सरकार ने बहादुरगढ़ निवासी विनोद कौशिक को मार्केट कमेटी का चेयरमैन और प्रदीप गुप्ता को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है। ये दोनों नेता भाजपा नेता दिनेश कौशिक के नजदीकि हैं। दोनों ने सरकार और संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने विनोद कौशिक और प्रदीप गुप्ता को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि दोनों लंबे समय से समर्पित होकर संगठन के लिए कार्य कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने दोनों की निष्ठा और मेहनत को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। दिनेश कौशिक ने इसके लिए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है।

### बोले- जनता की उम्मीदों पर पूरे खरे उतरेंगे

उन्होंने कहा कि दोनों नवनियुक्त पदाधिकारी निश्चित ही संगठन और क्षेत्र की जनता की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। वे इसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे चेयरमैन बने विनोद कौशिक और वाइस चेयरमैन नियुक्त हुए प्रदीप गुप्ता ने भी भाजपा नेतृत्व के साथ ही दिनेश कौशिक का विशेष रूप से आभार जताया।

**समगोत्र, एक ही गांव में विवाह पर प्रतिबंध व अन्य मुद्दों पर नाराजगी**

# गन्नौर में 28 को बड़े फैसले लेंगी खाप पंचायतें

**लव वंशीय लौर खत्री खाप एवं ग्राम पांची जाटान ने बुलाई महापंचायत**

**बहादुरगढ़।** युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने, समगोत्र, एक ही गांव में विवाह पर प्रतिबंध और लिव-इन रिलेशनशिप जैसी परंपराओं के विरुद्ध नाराजगी जताते हुए खापों ने सरकार को ठोस कदम उठाने के लिए 27 सितंबर तक का अल्टीमेटम दिया है। अगर सरकार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया तो खाप पंचायतें 28 सितंबर को गन्नौर में बैठक कर बड़ा फैसला लेंगी। लव वंशीय लौर खत्री खाप एवं ग्राम पांची जाटान द्वारा 28 सितंबर को गन्नौर में सर्वजातीय सर्वखाप पंचायत महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। महासम्मेलन का निमंत्रण के लिए वीरवार को शहर की छोटूराम धर्मशाला में स्थानीय खाप पंचायतों की बैठक बुलाई गई।



### पुजारा का अंतरराष्ट्रीय करियर

बैठक में गठवाला खाप के महासचिव अशोक मलिक, लोवा सतरह के प्रधान अशोक मान, पालम 360 खाप के प्रधान रामकुमार सोलंकी, संदीप सहरावत, राजेंद्र खत्री, सतीश दलाल, जयंत तंवर डाबोढा, पप्पू कुलासी, जयइंद्र सहरावत, रामधन खत्री, सूरजभान सहरावत, रमेश मान, अनूप दलाल जाखौदा, अनिल प्रधान आसौदा, ओमप्रकाश छिल्लर व राजकुमार आदि मौजूद रहे। सम्मेलन के व्यवस्थापक सुरेंद्र खत्री ने बताया कि महासम्मेलन में सभी खाप पंचायतों के सहयोग से समाज में फैल रही कुरीतियों पर मंथन करेंगे ।

### समाज को नशा मुक्त करने के लिए ठोस निर्णय लिए जाएंगे

लिव-इन रिलेशन जैसी कुरीतियों का विरोध, सगोत्र गांव व गृह गांव में शादियां न करने पर जोर दिया जाएगा। माता-पिता की सहमति के बिना विवाह, अगर मां- बाप नहीं है तो चाचा, ताऊ, मामा, फूफा की सहमति के बिना कोर्ट मैरिज व साधारण शादी को मान्यता नहीं देने, समलैंगिक विवाह जैसी कुरीतियों पर रोक, समाज को नशा मुक्त करने के लिए ठोस निर्णय लिए जाएंगे। महासम्मेलन समाज की एकता, परंपराओं की मजबूती व युवाओं को सही दिशा देने के लिए ऐतिहासिक साबित होगा।

# लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं के सशक्तिकरण में होगी मील का पत्थर साबित : राजेश नागर

**झज्जर ।** सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वास्थ्य को लेकर बेहद गंभीर है और महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाओं की शुरुआत की है। इसी कड़ी में वीरवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत की है। यह बात खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री राजेश नागर ने नागरिक अस्पताल परिसर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में अपने संबोधन में कही। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वस्थ नारी, सशक्त नारी अभियान के तहत लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया।



### ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का उद्घाटन

वहीं डीघल सीएचसी, दूबलधन सीएचसी में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का उद्घाटन तथा छारा सीएचसी में ब्लॉक हेल्थ यूनिट की आधारशिला रखी। इसके अलावा खुड्डन, बराही कसार और परनाला गांव में उप स्वास्थ्य केंद्रों की आधारशिला रखी हुई। इसके अलावा जिला नागरिक अस्पताल के नवीनीकरण तथा स्वयं किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पात्र महिलाओं का लाडो लक्ष्मी योजना के लिए मौके पर ही पंजीकरण किया गया।

**पूरा मेला परिसर सीसीटीवी की जद में, पुलिस के जवान तैनात**

**प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी औचक निरीक्षण कर जांच रहे व्यवस्था**

# माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में उमड़ रहे श्रद्धालु , सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

धर्मनगरी बेरी स्थित माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु अपने परिवार सहित माता के दर्शनों के लिए पहुंच रहे है। वीरवार को भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कई घंटों के इंतजार के बाद माता के दर्शन किए और अपने परिवार की सुख समृद्धि की दुआ मांगी। दिनभर मंदिर परिसर माता के जयकारों के गूंजता रहा। उधर, प्रशासनिक स्तर पर भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है। पूरा मेला परिसर सीसीटीवी की जद में है और काफी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है।



### अपार है श्रद्धा - कई श्रद्धालु मौनव्रत पर



नवरात्रों के दौरान लोगों में माता के प्रति अपार श्रद्धा देखी जाती है। नौ दिनों के दौरान श्रद्धालु अपार श्रद्धा के साथ माता का व्रत रखते हैं। श्रद्धालु न केवल नौ दिन तक अन्न खाते हैं बल्कि अन्य तरीकों से मां के प्रति अपनी श्रद्धा रखते हैं। ऐसे में कुछ श्रद्धालु तो नौ के नौ दिन नंगे पैर रहकर व्रत करते हैं तो कोई केवल दूध के सहारे जीवन व्यापन करते देखा जाता है। नवरात्रों में कई श्रद्धालु तो ऐसे देखे जाते हैं जो यहां आते हैं पूरे नौ दिन मौन व्रत भी रखते हैं। अष्ठमी व नवमी के दिन तो माता के दर्शन करने वाले व प्रसाद चढ़ाने वाले ऐसे श्रद्धालु भी मिल जाते हैं जो मन्नत पूरी होने पर पेट के बल पर कई किलोमीटर की दूरी तय करके माता के दर पर पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं में विश्वास है कि माता भीमेश्वरी देवी सबकी मनोकामनाएं पूरी करती हैं और धन्य धान्य में वृद्धि करती है।

# पुलिस ने नशे से दूर रहने व साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक



**बहादुरगढ़।** पुलिस ने वीरवार को जहां आईटीआई आसौदा में पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं विभिन्न स्थानों पर आमजन को नशे से दूर रहने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने और ट्रैफिक नियमों की पालना करने के बारे में जानकारी दी। इंस्पेक्टर सतीश कुमार और एसआई सत्यप्रकाश ने शैक्षणिक संस्थाओं में विद्यार्थियों और कंपनी के कर्मचारियों को बताया कि अनजान नंबरों से आई कॉल पर व्यक्तिगत जानकारी या ओटीपी साझा न करें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। साथ ही ट्रैफिक नियमों का महत्व समझते हुए उनका पालन करें। एसआई नीलम ने भी महिलाओं व छात्राओं को आत्मरक्षा, पोक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा से जुड़े कानूनी अधिकारों के बारे जानकारी दी।

# विद्यार्थियों ने की शहीद स्मारकों की साफ-सफाई



**झज्जर।** करण पब्लिक स्कूल में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने सुभाष चंद्र बोस और शहीद भगत सिंह के स्मारक स्थल पहुंच कर उनकी प्रतिमाओं की साफ-सफाई करते हुए माल्यार्पण किया। विद्यार्थियों ने तिरंगे के साथ पदयात्रा निकालते हुए देशभक्ति के नारे लगाकर लोगों को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। स्कूल संचालिका सुनीता धनखड़ ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता के लिए शहीदों की कुर्बानियों बारे अवगत करवाया व प्रेरणा दी।

## खबर संक्षेप


बहादुरगढ़। वीरवार को लगे कैंप में ग्रामीणों की जांच करती स्वास्थ्य टीम।

### प्रकाशनगर में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**बहादुरगढ़।** सूर्या फाउंडेशन की आदर्श गांव योजना के अंतर्गत प्रकाशनगर में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ईएसआई के डॉ. सुरेंद्र मनोहर, चिकित्सा अधिकारी संदीप, फार्मासिस्ट अनिल, लैब टेक्नीशियन रेखा, एएनएम सारिका व संजय आदि ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य परामर्श और उपचार सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान 110 से अधिक ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई और आवश्यक दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। शिविर में उपस्थित के मंडल, सुखेंद्र व कवल कुमार ने बताया कि सूर्या फाउंडेशन समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करता है। फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, स्वावलंबन और समरसता के क्षेत्रों में निरंतर कार्यरत है।

### ऑक्सफोर्ड स्कूल में जांचा स्वास्थ्य

**बहादुरगढ़।** वीरवार को ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में डॉ. रवि, डॉ. रोहित, एलटी हरिपाल, एएनएम राजेश, अमरजीत व सभी आशा वर्कर्स उपस्थित रही। कैंप में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करने के साथ ही स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान, लाडो लक्ष्मी योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और लिंग जांच आदि के बारे में सही जानकारी दी गई। प्रधानाचार्या शीला देवी ने सीएमओ समेत पूरी जांच टीम का आभार व्यक्त किया।

### निबंध लेखन में तमन्ना ने पाया पहला स्थान



**झज्जर।** महाराजा अग्रसेन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों मोड में संपन्न हुई। मुख्य रूप से नारी सशक्तिकरण आज की आवश्यकता, विश्व में हिंदी का स्थान, सोशल मीडिया के युग में हिंदी की शक्ति, हिंदी और भविष्य का भारत ग्लोबल भाषा बनने की राह, विषय पर आधारित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने निबंधों में गहन विचार प्रस्तुत किए। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या डॉक्टर चित्रलेखा ने बताया कि उनके संस्थान से भी छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपनी लेखन प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार राजीव गांधी महिला महाविद्यालय भिवानी की छात्रा कुमारी तमन्ना ने प्राप्त किया। इसके अलावा महाराणा प्रताप कॉलेज की छात्रा कुमारी धनवीर कौर एवं राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ की छात्रा कुमारी तनु को संयुक्त रूप से द्वितीय तथा महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय की छात्रा कुमारी रोशनी एवं राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ की छात्रा कुमारी ज्योति गुप्ता को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान मिला।

### कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कर श्रमदान किया

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान, किया पौधरोपण


झज्जर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पार्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए भाजपा कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस दौरान जिला व मंडल स्तर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह नौ बजे से दस बजे तक मंडलों में स्वच्छता अभियान चलाते हुए कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कर श्रमदान किया। इसके अलावा प्रत्येक मंडल में 75 पौधे रोपित किए गए। पौधारोपण के दौरान कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए रोपित किए गए पौधों की देखभाल का जिम्मा भी लिया। उन्होंने लोगों को जलवायु परिवर्तन तथा प्रदूषण के खतरों के प्रति जागरुक किया। जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन दर्शन अंत्योदय यानी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान करना था।

उन्होंने एकात्म मानववाद के सिद्धांत के माध्यम से भारतीय समाज के सर्वांगीण विकास की दिशा दिखाई। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी गीतांशु चावला, संदीप चौहान, सोमवती जाखड़, सुनीता चौहान, कमलेश, बिट्टू गिरोत्रा एवं सज्जन गुर्जर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए



**बहादुरगढ़।** रेलवे रोड स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई गई। चेयरपर्सन सरोज राठी ने प्राचार्य, स्टाफ और छात्रों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पंडित दीनदयाल के आदर्शों पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में पौधा भी लगाया गया। चेयरपर्सन सरोज राठी ने बच्चों संग चित्रकारी की तथा स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने झाड़ू लगाकर सफाई अभियान में भाग लिया ओर लोगों से अपने आसपास सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने का आह्वान किया। इस मौके पर नप सचिव प्रवीण कुमार, एसआई सुनील हुड्डा, दर्शन शर्मा, देवेंद्र सिंह, सक्षम बत्रा, रुद्र, सुशीला छिकारा आदि मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक ने किया दीनदयाल को नमन


बहादुरगढ़। दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते नरेश कौशिक व अन्य। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** शहर के वार्ड-3 में हुए कार्यक्रम में पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही उनके दिखाये गए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया। इस दौरान त्रिवेणी रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कौशिक ने वार्डवासियों की समस्याएं भी सुनीं और उनका समाधान करवाये जाने के लिए उन्हें आश्वस्त भी किया।

### बराही में दी उपाध्याय को श्रद्धांजलि

**बहादुरगढ़।** जिला पार्षद एवं भाजपा जिला महामंत्री रविंद्र छिल्लर ने गांव बराही में भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने गांव में सफाई अभियान चलाया और पौधारोपण अभियान के तहत 75 पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संपूर्ण जीवन समाज के अंतिम पंक्ति के नागरिकों के उत्थान के लिए समर्पित रहा। केंद्र व राज्य सरकार उनके सपनों को साकार करने की दिशा में कार्य कर रही है।

### श्रद्धापूर्वक मनाई जयंती

**बहादुरगढ़।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी ने वीरवार को सेक्टर-2 स्थित कार्यालय पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष व महान चिंतक पंडित दीनदयाल की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। नवीन बंटी सहित कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किए। साथ ही राष्ट्र सेवा के उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। पीएम मोदी, सीएम नायब सैनी तथा राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ सर्व समाज के कल्याण के लिए योजनाएं लागू करे।

### ग्रामीणों को दिलाई स्वच्छता संबंधी शपथ



**झज्जर।** देशभर में चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा क्षेत्र के गांव बाकरा में सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव की एक चौपाल में आयोजित कार्यक्रम में जिला अग्रणी मुख्य प्रबंधक विजय सिंह मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने संस्थान स्टाफ सदस्यों व प्रशिक्षुओं को स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत संबंधी शपथ दिलाते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्यातिथि ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। यदि हम अपने घर, गली और कार्यस्थल को स्वच्छ रखेंगे तो पूरा देश स्वच्छ और स्वस्थ बन जाएगा। इसके बाद सभी प्रतिभागियों ने मिलकर चौपाल परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की सफाई की तथा प्लास्टिक कचरे को एकत्रित करते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया।

### जिला स्तरीय कला उत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा


झज्जर। कला उत्सव के विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कृत करते हुए डीईओ राजेश खन्ना।

**झज्जर।** जिला समग्र शिक्षा एवं जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में वीरवार को जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। हमारी संस्कृति–हमारी पहचान शीर्षक से आयोजित इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला परियोजना संयोजक सुशील भारती ने बताया कि इस उत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों व शिक्षकों में संस्कृति और सभ्यता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा हरियाणवी संस्कृति से उन्हें जोड़ना है। इस प्रतियोगिता में खंड स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं ने संगीत गायन, वादन, नृत्य, नाटक, कहानी, पेंटिंग सहित 12 विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागी अब अक्टूबर माह के दौरान सोनीपत में होने वाले राज्यस्तरीय कला उत्सव में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

### शिविर में 465 महिलाओं व बच्चों ने लिया लाभ



**झज्जर।** संस्कारम हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर द्वारा वीरवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बादली में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 465 महिलाओं और बच्चों ने लाभ उठाया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह शिविर सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होकर दोपहर बाद तीन बजे तक चला। शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं व बच्चों को स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जानकारी देकर उन्हें जागरुक बनाना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क परामर्श उपलब्ध कराना रहा। संस्कारम हॉस्पिटल की चिकित्सकीय टीम में जनरल सर्जन डॉक्टर पवन, स्त्री रोग विशेषज्ञा डॉक्टर अनुभारती, नेत्र रोग विशेषज्ञा डॉक्टर स्वाति, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मंयक सिंह, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विकास यादव ने मरीजों की जांच की। कार्यक्रम का संचालन मीना द्वारा किया गया।

### जजपा ने दी ताऊ देवीलाल को श्रद्धांजलि


बहादुरगढ़। पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल को याद करते जजपा कार्यकर्ता।

*बहादुरगढ़। शहर के ताऊ देवीलाल पार्क में जननायक जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने देश के पूर्व उप-प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल का 112वां जन्मदिवस मनाया। उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ताऊ देवीलाल अमर रहें के जयकारे लगाए। जजपा जिलाध्यक्ष संजय दलाल ने कहा कि चौ. देवीलाल ने अपना पूरा जीवन किसानों और मेहनतकश लोगों की भलाई के लिए समर्पित किया। उनके संघर्ष के समय में दिल्ली तक पैदल यात्रा में शामिल हुए बुजुर्ग कृष्ण मातनहेल और गुढा गांव के कप्तान सिंह को सम्मानित किया किया। इस अवसर पर राकेश जाखड़, राजीव दलाल, मिंटू ठेकेदार, धर्मेंद्र गुलिया, राजू दलाल, संदीप अहलावत, दिलबाग सिंह, डॉ. अमित दलाल, बंटी दलाल, भूपेंद्र गहलोत, राजेश राठी, सुभाष बागड़ी, जोगेंद्र जांगड़ा, सुरेश फौजी, अमर सिंह, सुरेंद्र राजौरा, उमेद सेन, प्रवेश गुलिया आदि उपस्थित रहे।*

# पुलिस आयुक्त ने मेला परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के दिए निर्देश

- ड्यूटी से पहले सभी कर्मचारियों को अच्छे से ब्रीफिंग करें


झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने झज्जर जॉन के सभी थाना प्रबंधक व क्राइम यूनिट के अधिकारियों की बैठक लेते हुए नवरात्र मेला को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में दूर-दूर से श्रद्धालुओं आते है। मेले में आने वाले किसी भी श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि अगर मेले में आने वाले किसी श्रद्धालुओं का बच्चा गुम हो जाता है या फिर हमें मिलता है तो उसको तुरंत मेले में बने केंद्र खोया पाया पर जाकर अनाउंसमेंट करवाए जब तक बच्चे के परिजन वहां पर नहीं पहुंचते तब तक महिला कर्मचारी द्वारा बच्चे को अच्छे से संभाला जाए। उन्होंने कहा कि ड्यूटी से पहले सभी कर्मचारियों को अच्छे से ब्रीफिंग करें। सभी नाकों पर वॉकी-टॉकी सेट होना चाहिए। इसके अलावा पैदल गश्त करने वाले कर्मचारियों के पास भी वाकी-टाकी सेट होना चाहिए ताकि सूचनाओं का आदान-प्रदान चलता रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि देखने पर तुरंत अपने उच्च अधिकारियों को सूचित करें। मेले में पटाखे, ज्वलनशील पदार्थ पर पूर्णतया रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में विशेष रुप से प्रशिक्षित पुलिस बल की टुकड़ी को आवश्यक साजो सामान सहित बेरी में रिजर्व रखा जाए।

### एसीपी ने सदर थाना परिसर में किया पौधरोपण


झज्जर। थाना परिसर में पौधरोपण करते हुए एसीपी सुरेंद्र सिंह। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर :** सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत वीरवार को एसीपी सुरेंद्र सिंह और थाना सदर कर्मचारियों ने थाना परिसर में पचास पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश। एसीपी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वातावरण को स्वस्थ व हरा भरा बनाए रखने के लिए हम सबको अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए। पेड़ पौधे केवल हमें ऑक्सीजन नहीं देते बल्कि पशु पक्षियों को आसरा भी देते हैं। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ-साथ इनकी देखभाल करनी भी बहुत जरूरी है। इस दौरान पुलिस के जवानों ने भी बढ चढ़कर भाग लिया और सभी ने पौधे लगाए।

लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

# लंबित मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

- खाद्य, आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने दिया समाधान का आश्वासन


झज्जर। मंत्री राजेश नागर को ज्ञापन सौंपते हुए एनएचएम कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एनएचएम कर्मचारी कल्याण संघ के प्रतिनिधियों ने वीरवार को खाद्य, आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर से भेंट करते हुए उन्हें संघ की लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल की मांगें व समस्याएं सुनने उपरांत मंत्री राजेश नागर ने कर्मचारियों को शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कर्मचारियों की मुख्य मांगों में लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान, सातवें वेतन आयोग का लाभ एवं प्रत्येक छह माह पर डीए की सुविधा, समय पर नियमित वेतन जारी करने की स्थायी व्यवस्था, वेतन वृद्धि एवं सेवा शर्तों में सुधार शामिल हैं। संघ की ओर से ज्ञापन सौंपते हुए एनएचएम कर्मचारी संदीप कुमार जांगड़ा ने कहा कि वे जनता के सेवा में अग्रिम पंक्ति के योद्धा बनकर कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर पीएसडब्ल्यू पूनम दहिया, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शीतल, मीनाक्षी, नर्सिंग ऑफिसर सोनी, अनीता, सोनू जाखड़, एलटी जीवन, मीनाक्षी, संदीप, फार्मासिस्ट नरेंद्र, सहायक अनिल कादियान, एएनएम पूनम, डीआईईसी मैनेजर अंजू, दीपक आदि मौजूद रहे।

### कॉलेज में एंटरप्रेन्योरशिप वर्कशॉप का शुभारंभ



**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में प्राचार्य दलबीर सिंह के निर्देशन में रोजगार प्रकोष्ठ द्वारा एंटरप्रेन्योरशिप वर्कशॉप का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला के प्रथम दिन एसएससी इंडिया की मैनेजर स्मृति शर्मा ने डिफाइनिंग प्रॉब्लम स्टेटमेंट विषय पर विद्यार्थियों को अत्यंत रोचक एवं उपयोगी व्याख्यान दिया। कार्यशाला का आयोजन रोजगार प्रकोष्ठ की संचालक रीना कुमारी द्वारा किया गया। प्राचार्य दलबीर सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास तथा भविष्य में स्वावलंबी बनने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्मृति शर्मा ने उद्यमिता की दिशा में समस्या की पहचान एवं उसके समाधान के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को नये विचारों और नवाचार की ओर प्रेरित किया। महाविद्यालय की एसएलपीसी टीम ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई और वक्ता से संवाद कर अपने विचार सांझा किए। मंच का संचालन प्रकोष्ठ सदस्य शशि रापड़िया द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए उद्यमिता के क्षेत्र में एक सशक्त पहल सिद्ध हुई और उनके व्यावसायिक दृष्टिकोण को विकसित करने में सहायक रही।

### स्काउट्स एंड गाइड तृतीय सौपान शिविर का समापन


झज्जर। शिविर के समापन पर आयोजित हवन कार्यक्रम में आहुति डालते हुए स्काउस एंड गाइड्स।

**झज्जर।** मॉडल संस्कृति विद्यालय खेड़ी खुम्मार में चल रहा भारत स्काउट एंड गाइड का तृतीय सौपान शिविर वीरवार को संपन्न हो गया। डीओसी स्काउट डॉक्टर राजेंद्र ने बताया कि कैंप में करीब ढाई सौ विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने भाग लिया। उन्होंने कैंप की गतिविधियों बारे जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 6 बजे बीपी सिक्स से शुरू हुए कैंप में सात बजे तक परिसर की साफ-सफाई, उसके बाद आठ बजे ध्वाजारोहण, साढ़े बारह बजे तक कैंपर्स सिखाया जाता। एक बजे लंच के बाद तीन बजे फिर से प्रशिक्षण शुरू होता तथा शाम छह बजे फ्लैग लोवरिंग की जाती। एक घंटा आराम के बाद रात्रि आठ से नौ बजे तक कैंप फायर आयोजन किया जाता था जिसमें विद्यार्थी एकत्रित की गई लकड़ियों से आग जलाकर उसके चारों तरफ बैठते हुए दिनभर की थकान उतारते थे। इस दौरान उनके द्वारा देशभक्ति गीत, डांस, रागिनी व हरियाणवीं कल्चर के माध्यम से मनोरंजन किया जाता था। इस मौके पर डीओसी गाइड मैनावंती, प्राचार्य निर्मल सिंह, प्राचार्या प्रवीण कुमारी, प्राचार्य ऋषि सहरावत, प्राचार्या मंजू रानी, गाइड कैप्टन सुचित्रा कुमारी, विनीता कुमारी, ललिता देवी, स्काउट मास्टर कृष्ण कुमार, चांद राम, प्रवीण जाखड़, विक्की जाखड़ सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### प्रदेश के खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री राजेश नागर मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

# जीएसटी जागृति अभियान तहत हुई कार्यशाला, निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

**फल, सब्जियों, मेवों, उत्पादों पर जीएसटी कम करने से किसानों की आमदनी बढ़ेगी**


बहादुरगढ़। जीएसटी कार्यशाला को संबोधित करते मंत्री राजेश नागर।

जीएसटी जागृति अभियान के तहत वीरवार को गौरैया टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री राजेश नागर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसके उपरांत मंत्री राजेश नागर ने शहर के रेलवे रोड पर जीएसटी जागरूकता रैली का नेतृत्व किया।

मंत्री राजेश नागर ने दुकानदारों से सीधा संवाद करते हुए जीएसटी दरों में कमी के लाभों की जानकारी दी और उनके सकारात्मक सुझाव सुने। कई दुकानदारों ने मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार का यह कदम व्यापार और ग्राहकों दोनों के लिए फायदेमंद है। दुकानदारों ने बताया कि दरों में कमी से खरीदारी बढ़ रही है और त्योहारों का मौसम आने से बाजार में और अधिक रौनक लौटेगी। राजेश नागर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में जीएसटी दरों में की गई कमी ऐतिहासिक कदम है। कृषि उपकरणों पर जीएसटी 18 से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।

### फूड प्रोसेसिंग उद्योग को मजबूती मिलेगी

इससे कृषि उपकरण अब काफी सस्ते मिलेंगे। तैयार फल, सब्जियों, मेवों, शहद और मछली उत्पादों पर जीएसटी कम करने से किसानों की आमदनी बढ़ेगी और फूड प्रोसेसिंग उद्योग को मजबूती मिलेगी। बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सुभाष जग्गा, उपाध्यक्ष विकास आनंद सोनी व नरेंद्र छिकारा ने भी व्यापारी वर्ग की ओर से सरकार के इस कदम की सराहना की। इससे बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। कार्यशाला में सीए रिया जिंदल ने जीएसटी दरों में हुई कटौती से उद्योग जगत और व्यापारियों को होने वाले फायदों पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक राजेश जून, एडीसी जगनिवास, एसडीएम नसीब कुमार, डीईटीसी सरोज चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, चेयरपर्सन सरोज राठी, दिनेश कौशिक, संजय कबलाना, राजपाल शर्मा, बिजेंद्र जिंदल, निहेश जैन, पवन जैन, अखिल मित्तल आदि मौजूद रहे।

### देशभक्ति व प्रेरणादायी चित्रों से सजाई जा रही स्कूलों की दीवारें



**झज्जर।** आजकल फाइन आर्ट्स के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों के सानिध्य में स्कूल परिसर की दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग की जा रही है। विद्यार्थी देश के महापुरुषों की तस्वीरों के अलावा देशभक्ति, स्वच्छता व प्रेरणादायी स्लोगन बना रहे हैं। शहर के शहीद रमेश कुमार राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा पीएमश्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दीवारों को आकर्षक बनाया जा रहा है। फाइन आर्ट्स के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में स्कूल परिसर की बाहरी दीवारों पर महापुरुषों की तस्वीरें, देशभक्ति, स्वच्छता और जागरूकता से जुड़े प्रेरणादायी स्लोगन उकेरे हैं। फाइन आर्ट टीचर ज्योति और ड्राइंग टीचर मोनिका ने बताया कि हाल ही में डीसी ने अधिकारियों की बैठक में विद्यालय की बाहरी दीवारों के सौंदर्यकरण का सुझाव दिया था। इसके अंतर्गत नगर परिषद द्वारा पेंटिंग संबंधी सामग्री उपलब्ध कराई गई और विद्यार्थियों को इस रचनात्मक कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## खबर संक्षेप



### पंडित दीनदयाल उपाध्याय को किया नमन

**बहादुरगढ़।** वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पंकज जैन ने कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें नमन किया। डॉ पंकज जैन ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उनके अनुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद जैसी समावेशी विचारधारा दी। उनकी नीतियों पर चलते हुए केंद्र की मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं। उनके विचार और कार्य सदैव देश की युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

### खरीदने से पहले कम हुए रेट के बारे में पूछे

**बहादुरगढ़।** गणपति धाम स्थित कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज के कार्यालय में वीरवार को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने उपभोक्ताओं से जागरुक रहने का आह्वान किया। उनके अनुसार अब सामान खरीदने से पहले पूछना चाहिए कि रेट पहले से कितने कम हुए है। उन्होंने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म्स का सभी दलों और वर्गों ने स्वागत किया है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था है। मोदी सरकार ने पहले इनकम टैक्स में छूट दी और अब जीएसटी रिफॉर्म्स करते हुए लोगों को बड़ी सौगात दी है। इस दौरान जिलाध्यक्ष विकास बाल्मीकि, दिनेश कौशिक, सरोज राठी, आनंद सागर आदि मौजूद रहे।

### एमआर स्वीमिंग पूल के तैराकों ने जीते मेडल



**झज्जर।** खेल महाकुंभ में एमआर स्वीमिंग पूल के दो तैराकों ने गोल्ड मेडल जीत कर संस्थान का नाम रोशन किया है। स्वीमिंग कोच एक्स नेवी प्रवीण सहरावत, एक्स नेवी अमित शर्मा व एक्स नेवी जितेंद्र कुमार ने बताया कि उनके संस्थान के तैराक ओशो ने जहां 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रॉक इवेंट में गोल्ड मेडल जीता वहीं खिलाड़ी उधम ने 100 मीटर बटर फ्लाई इवेंट में स्वर्ण पदक हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों की इस जीत पर प्रशिक्षकों व साथी खिलाड़ियों ने विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्वीमिंग पूल परिसर में उपस्थित तैराकों व अभिभावकों में मिठाइयां वितरित की। प्रशिक्षकों ने अन्य खिलाड़ियों से भी आह्वान किया कि वे समय-समय पर होने वाली इस प्रकार की प्रतियोगिता में भागीदारी करें ताकि उन्हें भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिल सकें।

### समर्थकों संग रोहतक पहुंची शीला राठी



**बहादुरगढ़।** इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी अपने समर्थकों के साथ पूर्व उप प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल के 112वें जन्मदिवस पर रोहतक में आयोजित सम्मान दिवस रैली में शामिल हुई। उन्होंने केएमपी के निकट कार्यकर्ताओं को झंडी दिखाकर रवाना किया।

शीला नफे सिंह राठी ने कहा कि रोहतक में हुई सम्मान दिवस रैली के बाद प्रदेश की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू होगा। रैली के बाद प्रदेश में इनेलो की आंधी चलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भ्रष्ट भाजपा सरकार से पूरी तरह से परेशान हो चुकी है। प्रदेश की जनता पूरी तरह से बदलाव का मन बना चुकी है, जिसका अंदाजा आज रैली में जुटी भीड़ से साबित हो जाएगा।

## महाराज दशरथ के दरबार में पहुंचे गुरु विश्वामित्र

# यज्ञ की रक्षा के लिए श्रीराम ने कर दिया ताड़का का वध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर में रात्रि के समय होने वाली रामलीला मंचन में बुधवार की रात श्रीराम जन्म, गुरु विश्वामित्र द्वारा अपने यज्ञ की रक्षा के लिए भगवान श्रीराम व लक्ष्मण को लेने के लिए महाराज दशरथ के दरबार पहुंचना, सुबाहू-मारीच युद्ध, ताड़का वध, अहिल्या उद्धार व सीता स्वयंवर के निमत्रंण तक की लीला का मंचन किया गया।

मंचन की शुरूआत महाराज दशरथ के दरबार से होती है। जिसमें वे पितृभक्त श्रवण के माता-पिता द्वारा दिए श्राप को लेकर चिंतित दिखाई देते हैं। जब वे अपने कुलगुरु वशिष्ट जी से इस घटना का जिक्र करते हैं तो गुरु वशिष्ट उन्हें इस श्राप को वरदान बताते हैं। इसी श्राप के फलस्वरूप महाराज दशरथ को श्रीराम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न के रूप में पुत्र रत्नों की प्राप्ति होती है। इसके बाद जब चारों राजकुमार बड़े हो जाते हैं तो एक दिन महर्षि विश्वामित्र दरबार पहुंचते हैं और राक्षसों से अपने यज्ञ की रक्षा के लिए भगवान राम व उनके छोटे भाई लक्ष्मण को वन ले जाने का आग्रह करते हैं। महाराज दशरथ थोड़ा संकोच करने के बाद उन्हें महर्षि विश्वामित्र के साथ भेज देते हैं। वहां जाकर श्रीराम व लक्ष्मण यज्ञ की रक्षा करते हुए जहां राक्षसी ताड़का और उसके पुत्र सुबाहू का वध करने में सफल रहते हैं वहीं राक्षस मारीच भाग निकलता है। इसके बाद महर्षि विश्वामित्र के कहने पर जब श्रीराम एक पत्थर को पांव से छूते हैं तो वह अहिल्या नामक एक पतिव्रता नारी के रूप में तबदील हो जाता है। इसी दौरान जनकपुरी से महाराज जनक का एक संदेशवाहक उन्हें महाराज जनक की पुत्री राजकुमारी सीता के स्वयंवर का निमंत्रण देता है, जिसे महर्षि विश्वामित्र सहर्ष स्वीकार कर लेते हैं। बता दें कि शहर के पुराना स्टैंड परिसर में श्री लवकुश रामलीला कमेटी के कलाकारों तथा भगत सिंह चौक के नजदीक श्रीविकास रामलीला क्लब सदस्यों द्वारा रामलीला मंचन किया जा रहा है।




**झज्जर।** श्रीविकास रामलीला में लगा राक्षस सुबाहू व मारीच का दरबार और श्रीलवकुश रामलीला में राक्षसी ताड़का से युद्ध के दौरान उपस्थित श्रीराम एवं लक्ष्मण। फोटो : हरिभूमि

### दिन की रामलीला में दशरथ-कैकई संवाद का किया मंचन



बहादुरगढ़ रोड स्थित प्राचीन रामलीला मैदान में चल रहे मंचन के दौरान महाराज दशरथ श्रीराम को अपना उत्तराधिकारी घोषित करते हुए उन्हें राज सिंहासन सौंपने की घोषणा करते हैं। जिसके बाद राजतिलक की तैयारियां चल रही होती है तो दासी मंथरा महारानी कैकई को भड़का देती है और भरत को राजा बनाए जाने की बात करती है। महारानी कैकई महाराज दशरथ से धरोहर के रूप में रखे वचन मांगते हुए एक में भरत को राजतिलक तथा दूसरे में श्रीराम के लिए चौदह वर्षों का वनवास मांगती है। बाद में श्रीराम, लक्ष्मण व सीता जी सहित वनों को चले जाते हैं और पुत्र वियोग में महाराज दशरथ प्राण त्याग देते हैं।



### श्रद्धालुओं ने किया हनुमान स्वरूप मुकुट का पूजन, निकाली शोभा यात्रा

**झज्जर।** श्री वीर हनुमान सेवा समिति ने हनुमान स्वरूप मुकुट का पूजन कर शोभायात्रा निकाली। सुधांशु हंस ने बताया कि साहिल, मनोहर, तुषार, सक्षम, लोकेश, गुलशन, आयुष महाराज अष्टमी, नवमी व दशमी को प्रतिदिन छह हनुमान स्वरूप मुकुट को धारण करेंगे। उन्होंने बताया कि 41 दिनों तक नियमों का पालन कर रहे सभी मुकुट स्वरूप हनुमान बाबा के सेवकों ने बाला जी महाराज की आराधना कर हनुमान जी के मुकुट स्वरूपों को पालकी में सुशोभित कर नगर परिक्रमा निकाली गई। यात्रा में संकट हरने वाले को हनुमान कहते है..राम ना मिलेंगे हनुमान के बिना..खुश होंगे हनुमान राम राम किए जा,...भजनों पर श्रद्धालु नाचते गाते हुए जय बजरंगी, जय श्री राम के जयकारे लगाते रहे। शोभा यात्रा मां वैष्णो चौक, हरिपुरा मौहल्ला मढ़ी दुर्गा माता मंदिर, भट्टी गेट, बीकानेर चौक, अंबेडकर चौक, नेता जी सुभाष चंद्र बोस चौक, डायमंड चौक, मेन बाजार हनुमान मंदिर से होते हुए मंदिर में पंहुची। इससे पूर्व श्री हनुमान सेवा समिति प्रधान सुभाष वर्मा ने विधिवत पूजन कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। इस मौके पर वेद बहल पाशु, भारत भूषण नंदा, विनोद भूटानी, मोक्ष, राजेंद्र वधवा, सुंदर वर्मा, योगेश रंजन, ध्रुव सेठी, प्रिंस सेठी, देवेश शर्मा, जीतू वर्मा, पंकज भारद्वाज, गनपत राय, सतीश वर्मा, वंशु वर्मा, दीपांशु छाबड़ा, नयन हंस, शिवम तनेजा, राघव हंस, भवित वर्मा, अमितोज, अमन वर्मा, गुरप्रीत अरोड़ा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जागरुकता रैली निकालकर लोगों को दी साफ-सफाई रखने की प्रेरणा

- स्कूल प्रांगण में सफाई अभियान चलाकर एनसीसी कैडेट्स ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास में विद्यार्थियों के बीच समाज सेवा की भावना पैदा करने और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को स्वच्छता अभियान के महत्व बारे जागरुक किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स द्वारा भाग लेते हुए प्रभात फेरी निकाली और स्कूल परिसर व आस-पास के क्षेत्रों में एक व्यापक सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके अलावा विद्यार्थियों ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों जैसे पर्यावरण संरक्षण और सड़क सुरक्षा पर जागरूकता बढ़ाने के लिए लोगों को जागरुक किया। एसीसी एनओ मनीष योगी ने आगामी दो अक्टूबर तक मनाया जा रहा स्वच्छता पखवाड़ा विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा के महत्व को सिखाने का भी एक महत्वपूर्ण मंच साबित रहा है। संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने एसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें गर्व है कि उनके एनसीसी कैडेट्स समाज सेवा के प्रति समर्पित हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी लगन और समर्पण के साथ काम करते रहने की प्रेरणा दी।




**झज्जर।** जागरुकता रैली निकालते हुए एनसीसी कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

# विधायक जून ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का किया शुभारंभ

- बहादुरगढ़ विसि क्षेत्र की लगभग 22 से 23 हजार बहनों को मिलेगा योजना का सीधा लाभ मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने शहर के नागरिक अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया। यहां पहुंचने पर अधिकारियों ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर विधायक का स्वागत किया। राजेश जून ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और उनके बताए देश सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ करते हुए विधायक राजेश जून ने बताया कि इस योजना के तहत एक लाख से कम आय वाले परिवारों की बहनों को 2100 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे। बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र की लगभग 22 से 23 हजार बहनों को इस दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का सीधा लाभ मिलेगा। सीएम नायब सैनी ने यह साबित कर दिया है कि भाजपा केवल वादे ही नहीं करती बल्कि उन्हें समय पर पूरा भी करती है।

एसडीएम नसीब कुमार ने बताया कि जिन परिवारों की इनकम रिकॉर्ड में गलत चढ़ी हुई है, उसे भी दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि सभी पात्र महिलाओं तक दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ पहुंच सके। एसडीएम ने कहा की सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र महिला इस योजना से वंचित न रहे।



**बहादुरगढ़।** दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ करते विधायक व एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

### सांझी उत्सव एवं प्रतियोगिता के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

एसडीएम रेणुका नांदल ने बताया कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा रोहतक के एंडी स्टूडियो में 29 सितंबर से एक अक्टूबर तक राज्य स्तरीय सांझी उत्सव एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

#### प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपये

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में विजेताओं के लिए प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 31 हजार रुपए, तृतीय पुरस्कार 21 हजार रुपए और 10 सांत्वना पुरस्कार 2100 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आवेदन की करने की अंतिम तिथि 27 सितंबर है।

### स्वच्छता अभियान चला कर गांव महराणा व चमनपुरा में की गलियों की साफ-सफाई

**झज्जर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के दौरान क्षेत्र के गांव महराणा व चमनपुरा में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी भारती शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर भारत का हर नागरिक एक स्वच्छता प्रहरी के रूप में काम कर रहा है। वह दिन दूर नहीं जब हम स्वच्छ देश की श्रेणी में सबसे आगे होंगे। उन्होंने स्वच्छता के होने वाले फायदे के बारे में ग्रामीणों को समझाया व स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया।



**झज्जर।** स्वच्छता अभियान में श्रमदान करते हुए स्वच्छ भारत मिशन सदस्य एवं ग्रामीण।

### शिविर में 56 युवाओं ने किया रक्तदान



**झज्जर।** क्षेत्र के गांव छुछकवास में वीरवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह बंबुलिया ने बताया कि इंडेप्थ विजन फाउंडेशन तथा सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के सहयोग से गांव के शहीद स्मारक स्थल पर आयोजित इस रक्तदान शिविर युवाओं ने बढ़ चढ़ कर भागीदारी की। शिविर में 56 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ने रक्तदाताओं को बैज लगा कर जहां उनका उत्साह वर्धन किया वहीं ग्रामीण मंडल की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित भी किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## डूसू प्रधान बनने पर मिल रही हैं बधाइयां

# मंत्री ने दी आर्यन मान को बधाई

मंत्री राजेश नागर स्वयं घर पहुंचे और उनके ताऊ अशोक मान, दलबीर मान व उन्हें जीत की शुभकामनाएं दीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव में प्रधान बने आर्यन मान को बधाइयों का सिलसिला जारी है। वीरवार को हरियाणा सरकार में मंत्री राजेश नागर स्वयं उनके घर पहुंचे और उनके ताऊ अशोक मान, दलबीर मान व उन्हें जीत की शुभकामनाएं दीं।

### छात्र राजनीति ही लोकतंत्र की असली पाठशाला: विकास

भाजपा जिलाध्यक्ष विकास बाल्मीकि ने भी उन्हें बधाई दी। प्रदेश सरकार के मंत्री राजेश नागर ने कहा कि छात्र राजनीति ही लोकतंत्र की असली पाठशाला है। युवाओं का आगे आना राजनीति में नई ऊर्जा और पारदर्शिता का प्रतीक है। उन्होंने आर्यन मान को भविष्य में बड़ी जिम्मेदारियों के लिए तैयार रहने की सलाह दी और कहा कि छात्रहितों के मुद्दों पर वे हमेशा सक्रिय रहें। उनके अनुसार इस जीत से छात्र शक्ति को राष्ट्र शक्ति में परिवर्तित करने की यात्रा को गति मिलेगी। यह विजय दर्शाती है कि युवा पीढ़ी राष्ट्र प्रथम के संदेश को अपना रही है, जो भारत को एक उज्ज्वल और सुदृढ़ भविष्य की ओर ले जाएगा। इस अवसर पर रवि खत्री, युवराज छिल्लर, पप्पू दलाल, लक्की दुआ, माल्हड़ पहलवान, जोगेंद्र सिंह समेत अनेक कार्यकर्ता और समर्थक भी मौजूद रहे। उन्होंने मंत्री और आर्यन मान का फूलमालाओं से स्वागत किया। माहौल जयकारों और उत्साह से गूंज उठा। आर्यन मान ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि यह जीत सिर्फ उनकी नहीं बल्कि सभी छात्रों की है। वे विद्यार्थियों की आवाज बनकर उनके अधिकारों और समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।



**बहादुरगढ़।** आर्यन मान को बधाई देते मंत्री राजेश नागर। फोटो : हरिभूमि

# स्लोगन में सारा जैन और पोस्टर में तानिया जीती




**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा 1857 में हुए प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान विषय पर स्टेट लेवल की ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता की थी। इसमें विभिन्न महाविद्यालयों के 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इसका परिणाम वीरवार को घोषित किया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर करनाल की सारा जैन, द्वितीय स्थान पर बहादुरगढ़ की प्राची और तृतीय स्थान पर बहादुरगढ़ की जानवी गुप्ता रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सोनीपत की तानिया जसपाल, द्वितीय स्थान पर बहादुरगढ़ की रितिका बंसल और तृतीय स्थान पर सोनीपम की मीनू रहीं। निर्णायक कमेटी में अंजु और डॉ. कुसुम शामिल रही। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने सभी विजेता व प्रतिभागी छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने बताया कि आजादी की आवाज बुलंद करने वाले इस महान योद्धाओं का अभूतपूर्व योगदान कभी नहीं बुलाया जा सकता। शहीदों की गौरव गाथाएं हमें सदैव अपनी समृद्ध विरासत की याद दिलाएंगी।

### शहर थाना में 22 पुलिसकर्मियों ने किया रक्तदान



**बहादुरगढ़।** थाना शहर बहादुरगढ़ में वीरवार को सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप में पुलिस के 22 जवानों द्वारा रक्तदान किया गया। ब्रह्म शक्ति हॉस्पिटल की टीम द्वारा रक्त संचय किया गया। सिटी एसएचओ दिनकर यादव ने बताया कि रक्तदान एक बहुत बड़ा पुण्य का काम है। रक्तदान की एक बूंद किसी के बहुमूल्य जीवन को बचाती है। हर व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान जरुर करना चाहिए। इससे रक्तदाता को भी लाभ होता है। उसके हार्ट हेल्थ में सुधार, नए रक्त कोशिका निर्माण, आयरन संतुलन और मुफ्त स्वास्थ्य जांच जैसे कई लाभ होते हैं। इस दौरान सुमन शर्मा, कुलदीप, प्रदीप, आरती, सविता व प्रेम शिखा आदि मौजूद रहे।